# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

## आदेश

सुशांत टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, नुनफारा, पियर बंदरा, मुजफ्फरपुर को ERC, NCTE, भुवनेश्वर के आदेश पत्रांक–ER-218.6.48/ERCAPP2618/D.El.Ed./2016/48628, दिनांक 29.07.2016 के द्वारा शैक्षणिक सत्र–2017–18 से 01 यूनिट (50) सीटों हेतु मान्यता प्रदान की गयी है। इस मान्यता के आलोक में समिति के पत्रांक–टी0टी0प्रे0–1481/17, दिनांक 26.09.2017 के द्वारा शैक्षणिक सत्र–2017–19 से 01 यूनिट (50) प्रशिक्षणार्थियों हेतु सम्बद्धता प्राप्त है।

2. संस्थान की डी0एल0एड0 पाठ्यक्रम की मान्यता को ERC, NCTE, नई दिल्ली के द्वारा आदेश ज्ञापांक–ER-313.56/ERCAPP2618/D.El.Ed./BR/2022/66902, दिनांक 24.11.2022 के माध्यम से वापस ले लिया गया है। इस संबंध में दिनांक 09.01.2023 को राज्यस्तरीय स्क्रीनिंग कमिटि की बैठक में डी0एल0एड0 कोर्स की सम्बद्धता वापस लेने के पूर्व संस्थान के पक्ष को जान लेने की अनुशंसा की गई।

3. उक्त निर्णय के आलोक में समिति के पत्रांक–10, दिनांक 19.01.2023 के द्वारा संस्थान को अपना पक्ष 04 फरवरी, 2023 तक उपलब्ध कराने हेतु पत्र दिया गया। संस्थान ने उक्त पत्र के आलोक में पत्रांक–STTC/MUZ/2022-23/04 दिनांक 01.02.2023 के माध्यम से अपना पक्ष प्रस्तुत किया गया।

4. संस्थान द्वारा प्राप्त आवेदन में अंकित किया गया है कि एन0सी0टी0ई0 के आदेश ज्ञापांक–66902, दिनांक 24.11.2022 के विरूद्ध महाविद्यालय द्वारा एन0सी0टी0ई0 में अपील दायर की गयी है, जिसका निर्णय अभी लंबित है। संस्था के पक्ष से स्पष्ट होता है कि एन0सी0टी0ई0 द्वारा संस्था की मान्यता वापस लिये जाने के आदेश पर किसी सक्षम प्राधिकार/न्यायालय द्वारा रोक नहीं लगाया गया है।

5. ई0आर0सी0, एन0सी0टी0ई0, नई दिल्ली के उक्त आदेश में संस्था का मान्यता पत्र पत्रांक–ER-218.6.48/ERCAPP2618/D.El.Ed./2016/48628, दिनांक 29.07.2016 को वापस लेने का उल्लेख करते हुए निम्न आदेश पारित किया गया है:–

"NOW THEREFORE in terms of above decision of ERC, the recognition granted to the institution viz. Sushant Teachers Training College, Plot No.-272, Village road, Vill/P.O.- Nunfara, Tehsil/Taluka- Bandra, Twon/City-Muzaffarpur, Dist. Muzaffarpur, Bihar-843115 vide order No.-F.No.ER-218.6.48/ERCAPP2618/D.El.Ed./2016/48628, dated 29.07.2016 for running D.El.Ed. programme is hereby withdrawn with effect from the end of academic session next following the date of communication of withdrawal order."

5. उक्त तथ्यों को राज्यस्तरीय स्क्रीनिंग कमिटि के समक्ष निर्णय हेतु दिनांक 14.03.2023 की बैठक में उपस्थापित की गयी। स्क्रीनिंग कमिटि द्वारा सुशांत टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, नुनफारा, पियर, बन्दरा, मुजफ्फरपुर को ERC, NCTE, नई दिल्ली के आदेश ज्ञापांक–ER-313.56/ERCAPP2618/D.El.Ed./BR/2022/66902, दिनांक 24.11.2022 के आलोक में समिति के पत्रांक–1481/17, दिनांक 26.09.2017 के माध्यम से डी0एल0एड0 कोर्स हेतु प्रदत्त सम्बद्धता को शैक्षणिक सत्र– 2023–25 से वापस लेने की अनुशंसा की गयी।

उक्त परिपेक्ष्य में दिनांक 30.04.2023 को सम्पन्न बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की बैठक में विषय सं0–22 के रूप में स्क्रीनिंग कमिटि की अनुशंसा को स्वीकृति प्रदान की गई। समिति के उक्त निर्णय के आलोक में शैक्षणिक सत्र–2023–25 से सुशांत टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, नुनफारा,

पियर, बन्दरा, मुजफ्फरपुर के डी0एल0एड0 कोर्स हेतु 01 बेसिक यूनिट के लिए समिति के पत्रांक– टी0टी0प्रे0–1481/17, दिनांक 26.09.2017 से प्रदत्त सम्बद्धता को वापस लिया जाता है।

विश्वासभाजन

ह0/

**(नील कमल)**

**निदेशक (शैक्षणिक)**

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना।

ज्ञापांकः– टी0टी0सेल–787/17–..........., दिनांक ................../2023

प्रतिलिपिः–क्षेत्रीय निदेशक, पूर्व क्षेत्रीय समिति, राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् (NCTE), जी0–7, सेक्टर–10, द्वारिका, नई दिल्ली–110075 सूचनार्थ प्रेषित।

ह0/–

**निदेशक (शैक्षणिक)**

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना।

ज्ञापांक : टी0टी0सेल–200/15–..........., दिनांक ................../2023

प्रतिलिपिः–अध्यक्ष/सचिव/प्राचार्य, सुशांत टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, नुनफारा, पियर, बन्दरा, मुजफ्फरपुर–843115 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह0/–

**निदेशक (शैक्षणिक)**

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना।

ज्ञापांकः– टी0टी0सेल–200/15–..........., दिनांक ................../2023

प्रतिलिपिः–परीक्षा नियंत्रक (विविध), बिहार विद्यालय परीक्षा समिति/अध्यक्ष एवं सचिव के आप्त सचिव, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0/–

**निदेशक (शैक्षणिक)**

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना।

ज्ञापांकः– टी0टी0सेल–200/15–199 दिनांक 19/05/2023

प्रतिलिपिः–निदेशक (आई0टी0), बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना को सूचनार्थ तथा इस अनुरोध के साथ प्रेशित कि इसे समिति के वेबसाईट पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।

18/5/23

**निदेशक (शैक्षणिक)**

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना।

18/05/23